या0 से0 1328(एस0एस0)05

माननीय न्यायमुर्ति श्री एम0एस0 घिल्डियाल

याचिकाकर्ता के विद्वान् अधिवक्ता श्री एस0एस0 चौहान, विपक्षी सं0 1 व 2 की ओर से श्री डी0एस0 पाटनी, एड0 एवम् विपक्षी सं0 3 की ओर से श्राी सुधीर सिंह, एड0, को सुना गया।

याचिकाकर्ता की ओर से यह याचिका इस अनुरोध के साथ प्रस्तुत की गई है कि विपक्षी गण को आदेषित किया जाए कि प्रतिपक्षगण याचिकाकर्ता को पर्वतीय संवर्ग में संयोजित समझें और वरिष्ठता सूची में उसे यथास्थान अनुसूचित करें और तद्नुसार समस्त परिणामी लाभ सुलभ करायें।

बहस के दौरान् पक्षकारों द्वारा यह सहमति प्रकट की गयी कि इस याचिका का निस्ताण याचिका के अंगीकार करने के स्तर पर ही कर दिया जाए।

प्रतिपक्षी के विद्वान् अधिवक्ताओं ने न्यायालय को अवगत कराया कि प्रतिपक्षीगण याचिकाकर्ता के विकल्प पर अपना अंतिम निर्णय छः सप्ताह के अंतर्गत ले लेंगे और जब तक याचिकाकर्ता के विकल्प पर अंतिम निर्णय नहीं लिया जाता, पक्षकार मामले में यथास्थिति बनाये रखेंगे।

तद्नुसार, याचिका का इसी स्तर पर अंतिम निस्तारण किया जाता है।

न्यायमुर्ति श्री एम0एस0 घिल्डियाल

12.09.2005.:
न0च0मे0: